# खराब गुणवत्ता पर कमिश्नर नाराज

हिन्दुस्तान-06/11/22

## निरीक्षण

गोरखपुर, हिन्दुस्तान टीम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आ रहे हैं। ऐसे में उनकी प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को लेकर शनिवार को कमिश्नर रवि कुमार एनजी सक्रिय रहे।

उन्होंने निर्माणाधीन आयुष विवि से लेकर सैनिक स्कूल तक का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने आयुष विवि के निर्माण की धीमी गति एवं खराब गुणवत्ता देख नाराजगी जतायी। इस दौरान वह सीमेंट, ईंट व प्लास्टर के सैंपल परीक्षण के लिए ले गए।

भटहट संवाद के अनुसार दोपहर साढ़े बारह बजे कमिश्नर पिपरी पहुंचे और आयुष विवि के निर्माण कार्यों की जांच की। दुकानों के प्लास्टर की खराब गुणवत्ता देख निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर हिमेश जोशी को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद परीक्षण के लिए प्लास्टर में लगे मटेरियल को सुरक्षित करा लिया। वहीं, मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी ने खाद कारखाना परिसर में निर्माणाधीन सैनिक स्कूल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता पर ध्यान देने का कड़ा निर्देश दिया।

आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर रवि कुमार एनजी।